29.06.2025 आकाशवाणी, भोपाल 07.10AM

प्रादेशिक समाचार
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

1- मुख्यमंत्री मोहन यादव आज प्रदेश में निवेश को बढावा देने के लिए सुरत में निवेशक सम्मेलन में शामिल होंगे।

2- कृषि वानिकी को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने पेड़ों की कटाई के लिए मॉडल नियम जारी किए।

3- भोपाल में गलत रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण कार्य में लापरवाही पर आठ इंजीनियर निलंबित।

4- प्रदेश में व्यापक वर्षा का दौर जारी, सात जिलों में भारी बारिश की चेतावनी।

मुख्यमंत्री सूरत

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज गुजरात के सूरत में आयोजित "मध्यप्रदेश में निवेश के अवसरों पर इंटरएक्टिव सेशन" में शामिल होंगे। यह आयोजन “उद्योग एवं रोजगार वर्ष 2025” अभियान की श्रृंखला में बेंगलुरु के बाद दूसरा बड़ा संवाद होगा। इस अभियान का उद्देश्य क्षेत्रीय स्तर पर औद्योगिक समूहों से जुड़ाव बढ़ाना, रोजगार के अवसर सृजित करना और निवेश को सुगम बनाना है। इस दौरान डॉ. यादव द्वारा राज्य के औद्योगिक विकास का दीर्घकालिक दृष्टिकोण, अधोसंरचना विस्तार और निवेशकों के लिए बनाए गए भरोसेमंद वातावरण को रेखांकित करेंगे। साथ ही उद्योगपतियों से वन-टू-वन मुलाकात करेंगे, जिसमें निवेश-विशेष साझेदारियों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

प्रधानमंत्री – शुभांशु

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर मौजूद ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से बातचीत की। श्री मोदी ने कहा कि आप भारत से भले ही बहुत दूर हैं, लेकिन करोडों भारतीयों के दिल के बेहद करीब हैं। आपकी यात्रा एक नए युग के शुभारम्भ का प्रतीक है।

ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने कहा कि उन्हें भारत का प्रतिनिधित्व करने पर गर्व है। प्रधानमंत्री के साथ अपने अनुभव साझा करते हुए कैप्टन शुक्ला ने कहा कि बचपन में कभी नहीं सोचा था कि वह अंतरिक्ष यात्री बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज का भारत लोगों को अपने सपने साकार करने का अवसर दे रहा है।

<u>प्रधानमंत्री - मन की बात</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का 123वां एपिसोड होगा।

इस कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट newsonair.gov.in और मोबाइल ऐप न्यूज़ऑनएयर पर किया जाएगा। इस कार्यक्रम का आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज़, पीएमओ तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी लाइव प्रसारण किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी क्षेत्रीय भाषाओं में कार्यक्रम प्रसारित करेगा।

<u>सरकार-कृषि वानिकी</u>

सरकार ने कृषि वानिकी को बढ़ावा देने के लिए कृषि भूमि पर पेड़ों की कटाई के लिए मॉडल नियम जारी किए हैं। इनका उद्देश्य किसानों की आय को दोगुना करना, वनों के बाहर पेड़ों की संख्या बढ़ाना, जलवायु परिवर्तन को रोकना, लकड़ी के आयात को कम करना एंव भूमि के समावेशी उपयोग को सुनिश्चित करना है। पर्यावरण मंत्रालय ने सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को भेजे पत्र में कहा है कि इनका उद्देश्य कृषि वानिकी में व्यवसाय करने की सुगमता को बढावा देना है। यह नियम किसानों को बिना किसी अनावश्यक प्रक्रियागत बाधाओं के अपनी फसलों में पेड़ों को शामिल करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे। इसमें पेड़ों की कटाई और पारगमन के नियमों को सरल बनाना, कृषि भूमि से लकड़ी का उत्पादन बढ़ाना, विशेषकर वाणिज्यिक मूल्य वाली प्रजातियों से संबंधित विषय शामिल होंगे।

उपराष्ट्रपति-प्रस्तावना

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि किसी भी संविधान की प्रस्तावना उसकी आत्मा होती है और इसे बदला नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि भारत को छोड़कर किसी भी देश के संविधान की प्रस्तावना में बदलाव नहीं किया गया है। नई दिल्ली में पुस्तक विमोचन समारोह को संबोधित करते हुए श्री धनखड़ ने कहा कि आपातकाल के दौरान प्रस्तावना में समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और अखंडता जैसे शब्दों को जोड़ना संविधान निर्माताओं की सोच के साथ विश्वासघात है।

मुख्यमंत्री

डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश सरकार बहनों के विकास के मामले में कोई कसर बाकी रखने वाली नहीं है। उन्होंने कल निवाड़ी जिले के पृथ्वीपुर में आयोजित लोक माता देवी अहिल्याबाई नारी शक्ति सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में बहन बेटियों का सम्मान होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दीपावली से लाडली बहनों को 1500 रुपए दिए जाएंगे और 2028 तक 3000 रुपए लाडली बहनों को दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि रेडीमेड गारमेंट में काम करने आने वाली बहनों को प्रदेश सरकार 5000 रुपए महीना देगी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केन बेतवा नदी जोड़ो अभियान पर तेजी से काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। लाडली लक्ष्मी योजना के हितग्राहियों को हितलाभों का वितरण भी किया। समारोह को केंद्रीय सामाजिक न्याय तथा अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेंद्र खटीक ने भी संबोधित किया।

सिंधिया

केन्द्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि 'सुकन्या समृद्धि योजना' हमारी बेटियों के सुनहरे भविष्य को गढ़ रही है। गुना में सुकन्या खाते के पासबुक वितरण कार्यक्रम में सिंधिया ने कहा कि उन्होंने अपनी निजी राशि से गुना संसदीय क्षेत्र की 886 बालिकाओं के खाते खुलवाए हैं, ताकि हमारी बेटियां भविष्य में आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बन सकें। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक की अध्यक्षता की।

आरओबी

भोपाल के ऐशबाग आरओबी के निर्माण में हुई गंभीर लापरवाही के मामले में जांच रिपोर्ट के आधार पर लोक निर्माण विभाग के आठ इंजीनियरों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। इनमें दो मुख्य अभियंता जी.पी. वर्मा और संजय खांडे, दो कार्यपालन यंत्री जावेद शकील और शबाना रज्जाक, एक सहायक यंत्री शानुल सक्सेना, अनुभागीय अधिकारी रवि शुक्ला तथा उपयंत्री उमाशंकर मिश्रा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। वहीं, एक सेवानिवृत्त अधीक्षण यंत्री एम.पी. सिंह के विरुद्ध विभागीय जांच प्रारंभ की जाएगी। इसी के साथ आरओबी का त्रुटिपूर्ण डिज़ाइन प्रस्तुत करने पर निर्माण एजेंसी एवं डिज़ाइन कंसल्टेंट— दोनों को ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है।

इंदौर- सड़क दुर्घटना

इंदौर जिले को सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए लागू‘कैशलेस ट्रीटमेंट स्कीम- 2025’ के क्रियान्वयन में मॉडल जिला बनाया जाएगा। योजना में सड़क दुर्घटनाओं में घायल किसी भी व्यक्ति का इलाज इंदौर के अस्पतालों में नगदी रहित (कैशलेस) रूप से किया जाएगा, जिसकी अधिकतम सीमा डेढ़ लाख रुपये तक होगी। इस संबंध में बैठक में अस्पताल संचालकों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया और योजना क्रियान्वयन के संबंध में दिशा निर्देश भी दिए। कलेक्टर आशीष सिंह ने कहा कि घायलों का समय पर इलाज और मदद देना राज्य शासन की प्राथमिकता है। केंद्र शासन की उपरोक्त योजना के अलावा राज्य शासन ने राहवीर योजना भी लागू की है। इस योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्तियों को 25 हजार रुपये दिए जाएंगे।

मृत्यु दर

भारत ने पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु दर में वैश्विक स्तर पर 61 प्रतिशत की तुलना में 78 प्रतिशत की कमी हासिल की है। संयुक्त राष्ट्र बाल मृत्यु दर अनुमान रिपोर्ट के अनुसार, नवजात मृत्यु दर में भी वैश्विक स्तर पर 54 प्रतिशत की तुलना में, 70 प्रतिशत की कमी आई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि टीकाकरण में सुधार पर निरंतर ध्यान देने के साथ, भारत ने वंचित आबादी तक पहुँचने के लिए एक सक्रिय और समावेशी दृष्टिकोण अपनाया है। मंत्रालय ने कहा कि टीकाकरण सबसे शक्तिशाली और प्रभावी सार्वजनिक स्वास्थ्य उपायों में से एक है। जो 2

दशमलव 9 करोड़ गर्भवती महिलाओं और 2 दशमलव 6 करोड़ शिशुओं को सालाना मुफ्त टीकाकरण सेवाएँ प्रदान करता है। अभियान के निरंतर कार्यान्वयन के कारण भारत की कुल जनसंख्या में 'जीरो डोज' वाले बच्चों का प्रतिशत भी 2023 में 0.11 प्रतिशत से घटकर 2024 में 0.06 प्रतिशत हो गया है।

## मौसम

प्रदेश से दो टर्फ के गुजरने की वजह से बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम सक्रिय है। इस वजह से कई जिलों में तेज बारिश हुई। आज भी 7 जिलों में भारी बारिश जारी रहने का अलर्ट है। मौसम विभाग ने निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर के खजुराहो, दमोह, कटनी, शिवपुरी और पन्ना में आकाशीय बिजली गिरने या चमकने से साथ मध्यम से भारी बारिश में जारी रहने का अलर्ट जारी किया है। साथ ही अशोकनगर, शिवपुरी, ओरछा, सतना, सागर, बालाघाट, मंडला, सिवनी, छिंदवाड़ा, मैहर, जबलपुर, रीवा, मऊगंज, उज्जैन, भिंड, नरसिंहपुर और डिंडौरी में भी बारिश होने की संभावना जताई है। पिछले 24 घंटों के दौरान देवेन्द्र नगर में सबसे ज्यादा 13 सेंटिमीटर, गुन्नौर, पन्ना, पलेरा, नौगांव और मटियारी मे भी 10 सेंटिमीटर से ज्यादा बारिश हुई।

## संक्षिप्त समाचार

- कटनी जिले में वर्षा ऋतु में जल जनित, खाद्य जनित एवं वैक्टर जनित रोगों से बचाव, निदान एवं उपचार के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।
- डिंडौरी जिले में जनजातीय कार्य विभाग द्वारा जिले के शासकीय छात्रावासों एवं आश्रमों में निरीक्षण अभियान 30 जून 2025 से 05 जुलाई 2025 तक चलाया जाएगा।
- पन्ना जिले में जल निगम और ग्राम जल स्वच्छता समिति के बीच ओवरहेड टैंकवार संचालन के लिए अनुबंध निष्पादित किया गया है।
- बालाघाट प्रधानमंत्री जनजाति न्याय अभियान एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत 09 ग्रामों में शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में 1703 हितग्राही शामिल हुए ।
- महिला क्रिकेट में भारत ने पांच टी-ट्वेंटी क्रिकेट मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में कल रात नॉटिंघम में इंग्लैंड को 97 रन से हरा दिया।